# गौरी के नंदन की हम पूजा करते है

गौरी के नंदन की हम पूजा करते है ॥
हम पूजा करते है , हम वंदना करते है ॥
गौरी के नंदन की हम पूजा करते है॥

शुभ कारज से पहले तेरा ध्यान जो धरते है ॥
कोई शंकट आये तो प्रभु रक्षा करते है ॥
उस शंकट हारे की हम पूजा करते है ॥
गौरी के नंदन की हम पूजा करते है॥

वो धन्य है गौरी माँ जिसने तुझे जन्म दिया ॥
भोले भंडारी ने तुझको उपदेश दिया॥
शंकर के दुलारे की हम पूजा करते है ॥
गौरी के नंदन की हम पूजा करते है ॥

शंकट के हरता तुम मंगल के दाता हो॥
भगतों के लिए भगवन तुम भाग्य विधाता हो ॥
उस पालन हारे की हम पूजा करते है ॥
गौरी के नंदन की हम पूजा करते है ॥

नित ध्यान धरे तेरा हम तुमको मनाते है ॥
मोदक मिश्री भगवन तेरे भोग लगाते है ॥
रिद्धि सिद्धि के दाता की हम पूजा करते है॥
गौरी के नंदन की हम पूजा करते है

गौरी के नंदन की हम पूजा करते है
हम पूजा करते है , हम वंदना करते है ॥
गौरी के नंदन की हम पूजा करते है॥

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1837/title/gouri-ke-nandan-ki-ham-puja-karte-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |